## संपादकीय

# श्री विहीन लंका

महंगाई के चरम और खाली होते विदेशी मुद्रा भंडार के बीच श्रीलंका की हालात इतनी खराब हो गई है कि उसके पास आज विदेशी कर्ज चुकाने तक के लिये संसाधन नहीं हैं। महंगाई का यह आलम है कि लोग सौ-सौ ग्राम दूध खरीद रहे हैं। सौ ग्राम हरी मिर्च 70 रुपये की है और आलू दो सौ रुपये किलो तक मुश्किल से मिल रहा है। पिछले दिनों खबर आई कि श्रीलंका ईरान को कच्चे तेल का विदेशी मुद्रा में भुगतान न कर पाने पर बदले में चायपत्ती भेजेगा। अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों ने वित्तीय स्थिति खराब होने पर श्रीलंका की रेटिंग इतनी गिरा दी है, जो दिवालिया होने से पहले की अवस्था है। दरअसल, श्रीलंका की हालत खस्ता होने की तात्कालिक वजह तो कोरोना संकट से उपजी परिस्थितियां हैं। मुख्यत: पर्यटन पर आधारित अर्थव्यवस्था वाले श्रीलंका में कोरोना संकट के चलते पर्यटन उद्योग ठप है। अर्थव्यवस्था में गिरावट की एक बड़ी वजह सत्ताधीशों का कुप्रबंधन भी है और लंबा चला गृहयुद्ध भी। लेकिन जब से चीन से दोस्ती करने वाले सत्ताधीशों ने कर्ज लेना शुरू किया तो फिर देश निरंतर कर्ज के जाल में उलझता गया। चीन के सहयोग से कई भारी-भरकम विकास परियोजनाएं श्रीलंका में शुरू की गईं। उनसे आय तो नहीं हो पायी, लेकिन श्रीलंका चीन के कर्ज-जाल में फंसता चला गया। पश्चिमी अर्थशास्त्री कहते भी हैं कि चीन कर्ज-जाल का प्रयोग दूसरे देशों पर बढ़त बनाने के लिये करता आया है। जब छोटे देश कर्ज नहीं चुका पाते तो चीन उनकी संपत्तियों पर अधिकार कर लेता है। श्रीलंका में हम्बनटोटा में एक बड़े बंदरगाह के निर्माण की योजना चीनी ऋण व निर्माण कंपनियों के जरिये की गई। अरबों डॉलर की यह परियोजना आर्थिक संकट के चलते अधर में लटक गई। बाद में नया ऋण देकर चीनी सरकारी कंपनियों ने इस बंदरगाह को 99 साल की लीज पर सत्तर फीसदी हिस्सेदारी के साथ अधिगृहीत कर लिया।

यूं तो बांग्लादेश को छोड़कर दक्षिण एशिया के तमाम मुल्क ऐसे ही आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। भले ही देश के भीतर अर्थव्यवस्था किसी तरह चल रही हो, मगर विदेशी कर्ज चुकाने का संकट बना हुआ है। पिछले दिनों पाकिस्तान के फेडरल ब्यूरो ऑफ रेवेन्यू के पूर्व चेयरमैन सैयद शब्बर जैदी ने कहा था 'पाक के चालू खाते और राजकोषीय घाटे को देखें तो यह दिवालिया होने से जुड़ने जैसी स्थिति है। सरकार का यह दावा झूठ है कि सब कुछ ठीकठाक है।' दरअसल, जब कोई देश विदेशी कर्ज चुकाने की स्थिति में नहीं होता तो डिफॉल्टर घोषित हो जाता है जो कालांतर दिवालिया होने की तरफ बढ़ने वाली स्थितियां पैदा करता है। बताते हैं कि बीते साल नवंबर में श्रीलंका के पास विदेशी भुगतान के लिये महज तीन हफ्ते के लिये डॉलर बचे थे। ऐसे संकट से भारत भी वर्ष 1991 में गुजरा था तब विदेशी मुद्रा भंडार एक अरब डॉलर से कम बचा था। तब देश ने सोना गिरवी रखकर स्थिति को संभाला था। दरअसल, श्रीलंका को इस साल साढ़े चार अरब डॉलर का कर्ज चुकाना है। यदि वह नहीं चुका पाता है तो उसे डिफॉल्टर घोषित कर दिया जायेगा। श्रीलंका का रुपया बेहद दबाव में है और उसकी क्रेडिट रेटिंग लगातार गिर रही है, जिसके चलते उसे नया कर्ज मिलना मुश्किल हो जायेगा। यूं तो दुनिया के तमाम देशों पर कर्ज होता है, लेकिन सवाल है कि आप की साख कैसी है और आप कर्ज लौटाने की स्थिति में किस हद तक हैं। वैसे श्रीलंका के सामने विदेशी कर्ज का संकट तो है, लेकिन उसकी घरेलू अर्थव्यवस्था ऊंची महंगाई दर के बावजूद दिवालिया नहीं है। उसे घरेलू राजस्व मिल रहा है और लोगों का देशीय मुद्रा पर विश्वास बना हुआ है। उसकी जीडीपी में टैक्स से मिलने वाले राजस्व की भूमिका नौ फीसदी बनी हुई है। यद्यपि यह अब तक सबसे न्यूनतम दर है। लेकिन विदेशी मुद्रा के संकट से श्रीलंका का विदेशी कारोबार थम चुका है, जिसकी एक वजह श्रीलंका में डॉलर की कीमत दो सौ रुपये से अधिक होना है जो कि आज भी ब्लैक में मिल रहा है।

# कोहली समेत भारतीय क्रिकेटरों ने दक्षिण अफ्रीकी ब्रॉडकास्टर पर जमकर निकाला गुस्सा, एक फैसले पर मचा बवाल

**केपटाउन।** तीसरे और निर्णायक टेस्ट के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीकी कप्तान डीन एल्गर को डीआरएस में नॉटआउट करार दिए जाने पर भारतीय कप्तान विराट कोहली सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने दक्षिण अफ्रीकी ब्रॉडकास्टर सुपरस्पोर्ट के खिलाफ खुलकर अपनी नाराजगी जताई। यह घटना दक्षिण अफ्रीकी पारी के 21वें ओवर में घटी। रविचंद्रन अश्विन की एक गेंद एल्गर के पैरों पर लगी। अंपायर मराय इरास्मस ने इसको पगबाधा आउट दिया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका द्वारा डीआरएस लेने पर इस फ़ैसले को पलट दिया गया, क्योंकि बॉल ट्रैकिंग में दिखा कि गेंद स्टंप के ऊपर से जा रही थी। इससे झुंझलाए कोहली स्टंप माइक पर आए और कहा, जब आपकी टीम गेंद को चमकाती है, तब भी ध्यान दिया करो, सिर्फ़ विपक्षी टीम पर नहीं। हमेशा लोगों को पकड़ने की कोशिश किया करो। सिर्फ कोहली अकेले नहीं थे। टीम के उपकप्तान केएल राहुल ने कहा, पूरा देश 11 खिलाड़ियों के ख़िलाफ़ है। वहीं अश्विन ने कहा, सुपरस्पोर्ट, आपको जीतने के लिए कुछ और उपाय अपनाने चाहिए। हालांकि इस फैसले से अंपायर इरास्मस भी चकित थे जब उन्होंने बड़े स्क्रीन पर बॉल ट्रैकिंग देखने के बाद अपना सिर हिलाते हुए असहमति प्रकट की। यह असंभव है, उन्हें कहते सुना गया। आपको बता दें कि वर्तमान सीरीज़ में बॉल ट्रैकिंग तकनीक को एक स्वतंत्र संस्था हॉकआई देख रही है।



दिन के खेल के बाद प्रेस वार्ता में दक्षिण अफ्रीकी तेज़ गेंदबाज़ लुंगी एनगिदी ने कहा, हमें डीआरएस पर पूरा भरोसा है। इसी तकनीक का पूरी दुनिया में उपयोग किया जाता है। उन्होंने आगे कहा, यह उनकी निराशा को दिखाता है। हम मैदान पर इमोशन को देख सकते थे। यह उनके ऊपर दबाव को दिखाता है क्योंकि एल्गर और कीगन पीटरसन अच्छी साझेदारी कर रहे थे। वे इस साझेदारी को तोड़ना चाहते थे, इसलिए ऐसा हुआ। सभी लोग अलग तरह से किसी घटना पर प्रतिक्रिया देते हैं।

हालांकि भारत की तरफ़ से प्रतिक्रिया अलग थी। प्रेस कॉन्फ़्रेंस में जब भारतीय गेंदबाज़ी कोच पारस महाम्ब्रे से इस मामले पर पूछा गया तो उन्होंने कहा, आपने भी इसे देखा, हमने भी देखा, अब इसे मैच रेफ़री पर छोड़ देते हैं। अब मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, चलिए मैच पर आगे बढ़ते हैं। जब महाम्ब्रे से पूछा गया कि क्या भारतीय खिलाड़ी ब्रॉडकास्टर पर आरोप लगा रहे हैं? उन्होंने कहा, मैदान पर सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश कर रहे थे। कभी-कभी ऐसे मौक़ों पर कुछ लोग कुछ चीज़ें कह देते हैं। यह खेल है। अच्छा होगा कि हमें अब आगे बढ़ जाना चाहिए। कभी कभी खेल में इमोशन आ जाता है।

# 1.59 करोड़ करदाताओं के 1.54 लाख करोड़ से अधिक के रिफंड जारी




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से लेकर 10 जनवरी 2022 तक 1.59 करोड़ करदाताओं के 154302 करोड़ रुपये का रिफंड किया है।

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अनुसार इस अवधि में 15657444 मामलों में 53689 करोड़ रुपये के आयकर और 221976 मामलों में 100612 करोड़ रुपये के कार्पोरेट कर रिफंड किये गये हैं।

इसमें आंकलन वर्ष 2021-22 के लिए 23406.28 करोड़ रुपये के 1.2 करोड़ रिफंड भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग के रिटर्न दाखिल करने वाले नये पोर्टल पर आकलन वर्ष 2021-22 के लिए 31 दिसंबर 2021 तक कुल 5.89 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं।

# इंडिया ओपनः 20 साल की मालविका बंसोड़ की साइना नेहवाल पर सनसनीखेज जीत

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीय पुरुष खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत सहित सात भारतीय खिलाड़ियों के कोरोना से संक्रमित होकर इंडिया ओपन से बाहर हो जाने के बीच चौथी सीड सायना नेहवाल को दूसरे दौर में मालविका बंसोड़ से लगातार गेमों में हारकर इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो जाना पड़ा जबकि टॉप सीड पीवी सिंधू और तीसरी सीड लक्ष्य सेन ने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। मालविका ने सायना को महिला एकल के दूसरे दौर में 35 मिनट में 21-17, 21-9 से हराकर करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की और क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयीं।

मालविका का अंतिम आठ में आकर्षि कश्यप से मुकाबला होगा। कश्यप ने दूसरे दौर में केयूरा मोपाटी को 23 मिनट में 21-10, 21-10 से पराजित किया। इस बीच महिला वर्ग में टॉप सीड पीवी सिंधू ने हमवतन इरा शर्मा को मात्र 30 मिनट में 21-10 21-10 से पराजित कर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। सिंधू का क्वार्टरफाइनल में अपने देश की अश्मिता चालिहा से मुकाबला होगा जिन्होंने दूसरे दौर के एक अन्य मुकाबले में फ़्रांस की येले होएक्स को 30 मिनट में 21-17 21-14 से हरा दिया।




पुरुष वर्ग में छठी सीड समीर वर्मा फ़्रांस के ब्रायन यंग के खिलाफ पहले गेम में 2-4 से पिछड़ने के बाद चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। शीर्ष वरीय श्रीकांत कोरोना से संक्रमित होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी डेनमार्क के किम ब्रुन ने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। आठवीं सीड एचएस प्रणय को मिथुन मंजुनाथ के कोरोना से संक्रमित होने के कारण बाहर हो जाने से अंतिम आठ में प्रवेश मिल गया। प्रणय को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए तीसरी सीड और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता लक्ष्य सेन से मुकाबला होगा। लक्ष्य ने दूसरे दौर में स्वीडन के फेलिक्स बरस्टेड को 41 मिनट में 21-12, 21-15 से हराया।

# फ्लिपकार्ट ने किया इलेक्ट्रॉनिक्स ईकॉमर्स कंपनी यंत्रा का अधिग्रहण

**बेंगलुरु।** फ्लिपकार्ट ग्रुप ने इलेक्ट्रॉनिक्स ईकॉमर्स कंपनी यंत्रा के अधिग्रहण की घोषणा के साथ ही अपने रीकॉमर्स कारोबार को और मजबूत बनाने के साथ-साथ स्मार्टफोन कैटेगरी में अपने ग्राहकों के लिए आफ्टर-सेल पेशकश को बेहतर बनाया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि जयंत झा, अंकित सर्राफ और अनमोल गुप्ता द्वारा 2013 में स्थापित यंत्रा देश में स्मार्टफोन और लैपटॉप की रिपेयर तथा रीफर्बिश्ड कंज्यूमर टैक प्रोडक्ट्स की बिक्री करने वाले अग्रणी ब्रैंड्स में से है। इस अधिग्रहण के बाद, फ्लिपकार्ट अपने ग्राहकों के लिए ऐसे विस्तृत इकोसिस्टम की पेशकश करेगा जो स्मार्टफोन के पूरे जीवनचक्र के लिहाज़ से उपयोगी साबित होगा। गौरतलब है कि भारत में ईकॉमर्स मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन देश में स्मार्टफोन रीफर्बिशमेंट मार्केट काफी हद तक असंगठित और बिखरा हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं के स्तर पर भरोसे और सुविधा को लेकर काफी मुश्किलें पेश आती रही हैं। यंत्रा के अधिग्रहण के चलते, फ्लिपकार्ट ग्राहकों को किफायती रीफर्बिश्ड स्मार्टफोन तक सुविधाजनक तरीके से आसान पहुंच का लाभ और पैसों का पूरा मोल दिलाएगा। इस अधिग्रहण के तहत, यंत्रा की अनुभवी टीम फ्लिपकार्ट को इस क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का निर्माण करने तथा अपने रीकॉमर्स स्केल-अप प्लान को तेजी से लागू करने में मदद करेगी।

# ओड़िसा पर जीत से केरला फिर से शीर्ष पर

**वास्को।** केरला ब्लास्टर्स एफसी शानदार जीत के साथ हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 की अंक तालिका के शीर्ष पर फिर से पहुंच गया है। वास्को डे गामा स्थित तिलक मैदान स्टेडियम में खेले गए लीग मुकाबले में केरला ब्लास्टर्स ने ओड़िसा एफसी को 2-0 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही ब्लास्टर्स ने अपने अपराजित रहने के सिलसिले को 10 मैचों तक पहुंचा दिया है। मैच में गोल करने और शानदार डिफेंडिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए हरमनजोत खाबरा को हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया।



पांचवीं जीत के बाद केरला 11 मैचों से 20 अंकों के साथ लीग लीडर बन गई है। कोच इवान वुकोमैनोविक की टीम ने अब तक पांच मैच जीते हैं और पांच ड्रा खेले हैं। वहीं, ओड़िसा 10 मैचों में 13 अंक लेकर तालिका में आठवें स्थान पर बरकरार है। स्पेनिश कोच किको रामिरेज की टीम के खाते में चार जीत और एक ड्रा है।

मैच का पहला गोल 28वें मिनट में आया, जब डिफेंडर निशु ने बेहतरीन राइट फुटर लगाया और केरला ब्लास्टर्स को 1-0 की बढ़त मिल गई। कप्तान एंड्रियन लुना ने बीच मैदान से बॉक्स के बायीं तरफ लॉफ्टेड पास डाला। ओवरलैप करके बॉक्स के अंदर पहुंचे निशु ने गेंद लेने के बाद अपने साथ लगे डिफेंडर हेंड्री एंथनी को छकाकर बॉक्स के ठीक बाहर से राइट फुटर सेंकेड पोस्ट की तरफ लगाया और ओड़िसा के गोलकीपर अर्शदीप सिंह के लिए गेंद को गोलपोस्ट के अंदर जाने से रोकने का कोई मौका नहीं था।

40वें मिनट में डिफेंडर हरमनजोत खबारा के हैडर से केरला ब्लास्टर्स की बढ़त 2-0 हो गई। इस गोल में भी लुना की भूमिका रही। बाएं फ्लैंक में मिली कॉर्नर किक पर लुना ने फर्स्ट पोस्ट की तरफ गेंद पहुंचाई और वहां पर मौजूद खाबरा ने हैडर से गेंद को फ्लिक करके सेकेंड पोस्ट की तरफ गोलपोस्ट के अंदर डाल दिया।

## आज का राशिफल

मेष : कुछ लोग सोच सकते हैं कि आप नया सीखने के लिए काफ़ी उम्रदराज़ हो चुके हैं, लेकिन यह सच्चाई से बहुत दूर है।

वृष: आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई ख़ुशनुमा पल लेकर आएगा। यदि कोई समस्या है, तो उसे शांति से बातचीत करके सुलझाएं।

मिथुन: लाभ लेने के लिए बड़ों को अपनी अतिरिक्त ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है।

कर्क : मानसिक दबाव के बावजूद आपकी सेहत अच्छी रहेगी। जल्दबाज़ी में फ़ैसले न लें- ख़ासतौर पर अहम आर्थिक सौदों में मोलभाव करते वक्त ।

सिंह : किसी भी तरह के द्वंद्व या विरोध से बचें, क्योंकि आपकी सेहत पर इसका बुरा असर होगा। परिवार की किसी महिला सदस्य की सेहत चिंता की वजह बन सकती है।

कन्या: आपका हंसमुख स्वभाव दूसरों को ख़ुश रखेगा। कुछ ख़रीदने से पहले उन चीज़ों का इस्तेमाल करें, जो पहले से आपके पास हैं।

तुला : अपने ऊर्जा-स्तर को फिर से बढ़ाने के लिए पूरा आराम करें, क्योंकि थका हुआ शरीर दिमाग़ को भी थका देता है। क्योंकि आपमें क्षमता की नहीं बल्कि इच्छा-शक्ति की कमी है।

वृश्चिक : मज़बूती और निडरता का गुण आपकी मानसिक क्षमताओं में इज़ाफ़ा करेगा। किसी भी तरह के हालात को क़ाबू में रखने के लिए इस रफ़्तार को बरकरार रखिए।

धनु : व्यस्त दिनचर्या के बावजूद स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं।

मकर: नफ़रत को दूर करने के लिए संवेदना का स्वभाव अपनाएं, क्योंकि नफ़रत की आग बहुत ज़्यादा ताक़तवर है।

कुंभ : बहुत-कुछ आपके कंधों पर टिका हुआ है और फ़ैसले लेने के लिए स्पष्ट सोच ज़रूरी है। आप अचानक गुलाबों की ख़ुश्बू से ख़ुद को सराबोर पाएंगे।

मीन: रक्त चाप के मरीज़ों को ख़ास ख़याल रखने और दवा-दारू करने की ज़रूरत है। साथ ही उन्हें कौलेस्ट्रोल को क़ाबू में रखने की कोशिश भी करनी चाहिए।

# सॉन्ग फूंक ले के हिट होने पर निया शर्मा ने मीडिया को दिया धन्यवाद

टीवी की हॉट ऐंड सेक्सी अभिनेत्री निया शर्मा जोकि अपनी एक्टिंग और हॉटनेस को लेकर चर्चा में बनी रहती है,उन्होंने ने अपने हाल ही में रिलीज हुई म्यूजिक वीडियो फूंक ले के हिट होने का श्रेय मीडिया वालो को दिया है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने सॉन्ग को हिट करवाने के लिए धन्यवाद दिया है।



सॉन्ग फूंक ले की सफलता के बारे में बातचीत करते हुए निया ने कहा कि,मुझे खुशी है कि यह सॉन्ग दर्शको को इतना पसंद आया है। जो मैंने सॉन्ग के लिए मेहनत की थीं उसका फल मुझे मिल गया है। मैं हमेशा से एक ऐसा डांस नंबर करना चाह रही थी क्योंकि जब भी मैं टीवी पर ऐसा डांस नंबर देखती थी तो मैं हमेशा सोचती थी कि एक दिन मैं यह करूंगी।

सॉन्ग की सफलता का श्रेय मीडिया वालो को देते हुए उन्होंने कहा कि,इस सॉन्ग की सफलता का श्रेय आपलोगो को भी जाता हैं। आपने हमारे सॉन्ग का अच्छे तरीके से प्रोमोशन किया है।

अगर अपने प्रोमोशन नहीं किया होता तो शायद यह सॉन्ग इतना बड़ा हिट नहीं होता। तो मैं तह दिल से आप सभी को धन्यवाद देना चाहूंगी।

अंत में निया ने कहा कि,वे जल्द ही कई सारी म्यूजिक वीडियोज में नजर आने वाली हैं। सारेगामापा के साथ उनके और भी सॉन्ग देखने को मिलेंगे।

# बतौर प्रोड्यूसर विद्युत जामवाल की पहली फिल्म आईबी 71 की शूटिंग हुई शुरू

बॉलीवुड के एक्शन किंग विद्युत जामवाल अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकें है और अब वे जल्द ही बतौर प्रोड्यूसर भी अपना हाथ आजमाने जा रहें हैं। विद्युत ने पिछले साल ही अपने प्रोडक्शन हाउस की अनाउंसमेंट की थी जिसका नाम उन्होंने एक्शन हीरो फिल्म्स रखा है।



प्रोडक्शन हाउस का ऐलान करने के साथ ही उन्होंने इसके तले बनने वाली अपनी पहली फिल्म का भी ऐलान कर दिया था, जिसका टाइटल आईबी 71 है। आज अभिनेता ने जानकारी दी है कि इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

विद्युत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, और इसके साथ उन्होंने लिखा, एक्शन हीरो फिल्म्स पर यह हमारे लिए नया साल है। बतौर एक्टर और प्रोड्यूसर हमारी फिल्म स आईबी 71 की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

## बनाएं टेस्टी- लौकी-प्याज के पकौड़

लौकी की सब्जी आपको बेशक पसंद न हो लेकिन उससे तैयार इन पकौड़ों को देखकर आप भी इन्हें खाने से खुद को रोक नहीं पाएंगे। तो आइए जानते हैं फटाफट से इन्हें तैयार करने की रेसिपी।



**सामग्री :**

लौकी- 1 (कद्दूकस किया), प्याज- 2 (लच्छों में कटा), बेसन- 1 कप, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 टीस्पून, धनिया पाउडर- 1/2 टीस्पून, गरम मसाला- 1/2 टीस्पून, हल्दी- 1 चुटकी, चाट मसाला- 1/2 टीस्पून, हरा धनिया- 2 टीस्पून (बारीक कटा), हरी मिर्च- 2 (बारीक कटी), नमक- स्वादानुसार, तेल- जरूरत के अनुसार

**विधि :**

सबसे पहले लौकी को निचोड़कर जितना भी पानी है निकाल दें। फिर मिक्सिंग बाउल में लौकी, प्याज, हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला, हल्दी, जीरा पाउडर, बेसन और नमक डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

फिर कड़ाही में तेल गर्म करें। जब तेल गर्म हो जाए तब आंच मीडियम कर दें और लौकी के मिक्सचर से छोटे-छोटे बॉल्स बनाते हुए कड़ाही में डालें और इन्हें दोनों ओर से गोल्डन और क्रिस्पी होने तक डीप फ्राई कर लें। इन्हें सर्विंग प्लेट में निकालें और ऊपर से चाट मसाला डालकर चटनी के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 320

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 319 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 320

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.319 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |